AnkitGram
# SEWADHAM ASHRAM
EST.1989

# DAILY HIGHLIGHTS

**Sunday, 6 April, 2025**



**36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।**

## भूमि पूजन



सद्गुरु भगवान जी की आशीर्वाद से ३६ वर्ष से बहू प्रतीक्षित संस्थापक वितान का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

## नवरात्रि महोत्सव: यज्ञ एवं विशेष अनुष्ठान की पूर्णाहुति



यज्ञ के साथ प्रयागराज के विद्वान पंडित कार्तिकेय तिवारी शास्त्री जी द्वारा नवरात्री में विशेष पूजन और अनुष्ठान पर यज्ञ के साथ पूर्णाहुति हुई।

## आश्रम परिवार के ११०० सदस्यों के लिए विशेष प्रशादी के साथ कन्या पूजन संपन्न



## स्वयंसेवकों की आवश्यकता


आश्रम के विभिन्न कार्यों हेतु पूर्णकालीन, अंशकालीन, और अपने स्थान पर रहकर सेवा में सहयोगी बनने हेतु स्वयंसेवकों की जरूरत है। संपर्क करें 9425092505

## मुंबई के उद्योगपति श्री संजीव सरन का अंकितग्राम आगमन



सुधीर भाई की सेवाओं से 51 वर्षों से जुड़े मुंबई के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज के ख्यातनाम श्री संजीव सरन, जो अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं, ने लगभग 100 देशों की यात्रा की है। वे आचार्य श्री शैलेन्द्र पाराशर के साथ अंकितग्राम पधारे, जहाँ उन्होंने सुधीर भाई के परिवार तथा आश्रम के बच्चों से मुलाकात की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सुधीर भाई ने वर्ष 1970 में समाजसेवा कार्य की शुरुआत की थी। 1974 में जब श्री सरन के पिता श्री देवी सरन जी उज्जैन में एडीएम (ADM) थे, उस समय से सुधीर भाई सरन परिवार से जुड़े रहे। आश्रम में आने के बाद श्री सरन ने भावुक होकर कहा — "मैं शब्दविहीन हूँ!"

## आरती पूजन के साथ दोपहर १२ बजे सदगुरु स्वाध्याय मंदिर में राजारामजी का जन्मोत्सव मनाया गया, बधाईयां बांटी।





## बीमार बच्चों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया

आश्रम द्वारा बीमार बच्चों की निरंतर उचित देखभाल की जाती है। इसी संदर्भ में आश्रम के तीन बच्चों — मृत्युंजय (3 महीने), श्रीमाया (7 दिन) और महक (7 वर्ष) — को बीमार होने पर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल उज्जैन भेजा गया था। मृत्युंजय और श्रीमाया का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है और महक को दवाइयाँ देकर वापस आश्रम भेज दिया गया।

**सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें। आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट में भी सहोग कर सकते हैं:**
**Account Name: SEWADHAM ASHRAM | Account number: 038194600000563**
**IFSC: YESB0000381 | Bank Name: YES BANK**